# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

## कार्यवृत्त

आज दिनांकः 18.05.2023 को अपराहन 3:00 बजे Research Advisory Committee की बैठक शोध विभाग, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आहूत की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 विनीता सिंह, अधिष्ठाता शोध, समाज विज्ञान संस्थान - सदस्य
2. प्रो0 सुगम आनन्द, इतिहास विभाग - सदस्य
3. प्रो0 अजय तनेजा, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय - सदस्य
4. प्रो0 अचला गक्खर, अधिष्ठाता होमसाइंस संकाय - सदस्य
5. प्रो0 बी.पी. सिंह, उप अधिष्ठाता शोध, भौतिक विभाग - सदस्य
6. प्रो0 मुहम्मद अरशद, उप अधिष्ठाता शोध, समाजशास्त्र विभाग - सदस्य
7. प्रो0 विपिन कुमार, अधिष्ठाता कृषि संकाय - सदस्य
8. डा0 राजीव वर्मा, उप अधिष्ठाता शोध, समाज कार्य विभाग - सदस्य
9. सहायक कुलसचिव शोध/ अधीक्षक शोध - सदस्य सचिव

निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श कर अन्तिम निर्णय लिया गयाः-

**बिन्दु संख्या - 01** सत्र 2021-22 के पी0एच-डी0 कोर्सवर्क में कम उपस्थिति होने के कारण तथा छूटे हुए अभ्यर्थियों को विशेष कोर्स वर्क 2021-22 का शुल्क रू0 10000/- के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 01** सत्र 2021-22 के विशेष पी0एच-डी0 कोर्सवर्क का शुल्क रू0 10000/- निर्धारित करने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

**बिन्दु संख्या** - 02 कुमारी अर्चना चौधरी के प्रत्यावेदन पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 02** कुमारी अर्चना चौधरी सत्र 2014-15 में अपना पंजीकरण विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत समय सारणी के अनुसार नहीं कराया, इसलिए पंजीकरण आवेदन जमा न होने के कारण शोध उपाधि समिति में प्रकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः यह प्रकरण कालातीत हो जाने के आधार पर निरस्त किये जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। (Annexure A)

**बिन्दु संख्या - 03** श्री अनुराग मिश्रा, जन्तु विज्ञान के प्रत्यावेदन पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 03** समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि शोधार्थी का शीर्षक संशोधन कर कोरीजैण्डम जारी कर दिया जाय।

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वद्यिालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**बिन्दु संख्या - 04** कुमारी भावना शर्मा के प्रत्यावेदन पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 04** कुमारी भावना शर्मा के प्रत्यावेदन पर अधिष्ठाता जीवन संकाय की टिप्पणी 28-03-2023 के अनुसार निर्देशक प्रो0 अमिता सरकार द्वारा कुमारी भावना शर्मा को दिये गये शोध शीर्षक पर प्रो0 अमिता सरकार ही शोध कार्य करा सकती है। अतः इनके निर्देशन में दिनांक 24/05/2023 तक रिक्त स्थान होने के बाद ही भावना शर्मा को प्रो0 अमिता सरकार के निर्देशन में शोध कार्य करने की अनुमति देने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**बिन्दु संख्या - 05** कुमारी हेमलता शर्मा के संदर्भ में विधिक सलाहाकार डा0 अरूणकुमार दीक्षित द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा आगामी पी0एच-डी0 प्रवेश परीक्षा प्रश्न पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी विषय में कराये जाने के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या** - 05 विश्वविद्यालय प्रवेश समिति के निर्णय दिनांक 16-03-2022 के क्रम में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के प्रश्न पत्र अंग्रेजी माध्यम से तैयार किये गये थे। द्विभाषीय प्रश्न पत्र तैयार किये जाने सम्बन्धी विषय आगामी शोध प्रवेश समिति द्वारा निर्णीत होगा।

**बिन्दु संख्या - 06** प्रो0 एस0 सी0 उपाध्याय, प्रो0 एस0 बी0 शर्मा, तथा डा0 प्रवीण कुमार के प्रत्यावेदन पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 06** इन्सट्रमेण्टेशन (Instrumentation) विभाग के शिक्षक प्रो0 एस0 सी0 उपाध्याय, प्रो0 एस0 बी0 शर्मा, तथा डा0 प्रवीण कुमार भौतिक विज्ञान विभाग में उप निर्देशक बनाये जाने की समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

**बिन्दु संख्या - 07** श्री जितेन्द्र कुमार विषय भूगोल प्रकरण संख्या 94/2017 दिनांक के पत्र दिनांक 29-03-2023 के प्रत्यावेदन पर विचार करना।

**निर्णय संख्या - 07** शोध निर्देशक को पत्र निर्गत कर आख्या प्राप्त करने के पश्चात आगामी आर0 ए0 सी0 की बैठक के समक्ष निर्णय हेतु प्रस्तुत किये जाने की समिति द्वारा सर्व सम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

<u>(Annexure B)</u>

**बिन्दु संख्या** - 08 शोध निर्देशकों द्वारा मांगी गयी आवंटित सीट पर शोधार्थियों के प्रवेश के पश्चात शोध कार्य कराने में असमर्थता व्यक्त करने के संदर्भ में।

**निर्णय संख्या - 08** शोध निर्देशकों द्वारा मांगी गयी आवंटित सीट पर शोधार्थियों के प्रवेश के पश्चात शोध कार्य कराने में असमर्थता व्यक्त करने के संदर्भ में समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र में उन निर्देशकों को कोई भी शोध छात्र आवंटित नहीं किया जायेगा।

# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

**बिन्दु संख्या** - 09 वर्ष 2021-22 के प्री0 पी-एच0डी0 कोर्सवर्क में उत्तीर्ण शोध छात्रों को शोध आवेदन पंजीकरण जमा करने के संदर्भ में विचार करना।

**निर्णय संख्या - 09** वर्ष 2021-22 के प्री0 पी-एच0डी0 कोर्सवर्क में उत्तीर्ण शोध छात्रों को शोध आवेदन पंजीकरण जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्धारित की गई।

सहायक कुलसचिव (शोध)
सदस्य सचिव

18/05/2023
(डा0 राजीव वर्मा)
उप अधिष्ठाता शोध

(प्रो0 विपिन कुमार)
अधिष्ठाता कृषि

18/05/2023
(प्रो0 मौ0 अरशद)
उप अधिष्ठाता शोध

(प्रो0 अचला गक्खर)
अधिष्ठाता होमसाइंस

18/5/23
(प्रो. बी.पी. सिंह)
उप अधिष्ठाता शोध

(प्रो. सुगम आनन्द)
सदस्य

18/5/23
(प्रो. अजय तनेजा)
अधिष्ठाता विज्ञान संकाय

18/05/2023
(प्रो. विनीता सिंह)
अधिष्ठाता शोध